चेहरे चेहरे में नज़र आये,
चेहरा तेरा।

दोहा एक दस्तक हुई दिल पर,
तेरे दीदार से,
हो गए हम तेरे,
देखा जो तूने प्यार से।

चेहरे चेहरे में नज़र आये,
चेहरा तेरा,
बंध गया तुमसे श्याम बंधन,
ये गहरा मेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।।

तर्ज चाँद तारों में नज़र आए।

पहले खुद को लताएं वन की,
हम बनाएंगे,
आके खाटू में तेरे चरणों से,
लिपट जायेंगे,
हम पे पड़ जाए जो तेज नैनो का,
सुनहरा तेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।।

तुझसे लागि लगन हमारी,
अब ना छूटेगी,
प्रेम की डोर तेरी मेरी,
ना श्याम टूटेगी,
क्योकि दिल पे हमारे रहता है,
पहरा तेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।।

पास में अपने रखी मैंने,
निशानी तेरी,
तब से होने लगी अमर हर,
कहानी मेरी,
सजाया चुन चुन के फूलों से,
ये सेहरा तेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।।

आज तक़दीर को हम अपनी,
आज़मायेंगे,
पाके धीरज दीवाना दिल को,
हम बनाएंगे,
अंजलि के लबों पे नाम है,
ठहरा तेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।।

चेहरे चेहरे में नज़र आए,

चेहरा तेरा,
बंध गया तुमसे श्याम बंधन,
ये गहरा मेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।।

Singer Anjali Ji Dwivedi

Source:
https://www.bharattemples.com/chehare-chehare-me-nazar-aaye-chehra-tera/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw